**UPSI180023512023**

**न्ययलय Civil Judge Junior Division Mahmudabad, Sitapur**

**पेठासीन अधिकारी-** (Sushri Akshita Singh)**, (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP03730**

मूलवाद सं० Civil Suit/237/2023

**malkhe and others Vs. ramnevaj and others**

31.05.2023

वादीगण द्वारा **श्री अम्बरीश कुमार यादव एडवोकेट** के माध्यम से वाद–पत्र बाबत **स्थाई निषेधाज्ञा** प्रस्तुत किया गया।

समस्त प्रपत्रों एवं मुंसरिम आख्या का अवलोकन किया गया।

**आदेश**

वाद दर्ज रजिस्टर हो। प्रतिवादीगण को सम्मन जारी हो। वादीगण पैरवी करे। पत्रावली वास्ते दाखिला जवाबदावा एवं वास्ते विरचन वादबिन्दु दिनांक 18.07.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।

J.O. Code- UP3730

प्रार्थना–पत्र 6ग2

वादी/प्रार्थीगण द्वारा प्रा0 पत्र 6ग2 समर्थित शपथ–पत्र इस कथन के साथ प्रस्तुत किया गया है कि भूमि नम्बर 1073 रक्बा 0.210 हे0, 1074 रक्बा 0.061 हे0, 1071 रक्बा 0.117 हे0 स्थित ग्राम तुलसीपुर बंजर परगना को0 द0 तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर के वादीगण मालिक, काबिज व संक्रमणीय भूमिधर हैं। वादीय भूमि पर बांस कोठी लगी है, मकान बने हैं तथा छप्पर रखे हैं। प्रतिवादीगगण वादीय भूमि पर कब्जा कर लेना चाहते हैं। अतः प्रतिवादीगण को निषेधित किया जाये। वादीगण की ओर से सूची से नकल खतौनी, नकल खसरा दाखिल किया गया है।

वादीगण की ओर से दाखिल खतौनी से स्पष्ट है कि वादीगण भूमि नम्बर 1073 रक्बा 0.210 हे0, 1074 रक्बा 0.061 हे0, 1071 रक्बा 0.117 हे0 के संक्रमणीय भूमिधर व दर्ज खातेदार है। वादी/प्रार्थी द्वारा अपने प्रार्थना–पत्र 6ग2 के समर्थन में एवं विवादित भूमि पर अपने अध्यासन के समर्थन में शपथ–पत्र व खसरा दाखिल किया गया है। भूमि सं0 1071 में शा0 जो0 आबादी दर्ज है किन्तु यह भूमि बाबादीन, राजितराम, मैकू व रामदेई के नाम दर्ज है। किसी राजस्व भूमि के सहखातेदारों का उस भूमि के प्रत्येक अंश पर हिस्सा होता है। वादी/प्रार्थी द्वारा दाखिल राजस्व प्रपत्रों तथा शपथ–पत्र के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला वादी/प्रार्थी का बनता है। अतः प्रस्तुत मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि नियत तिथि तक के लिए विपक्षी/प्रतिवादीगण को वादी/प्रार्थीगण की उपरोक्त भूमि नम्बर 1073 रक्बा 0.210 हे0, 1074 रक्बा 0.061 हे0, 1071 रक्बा 0.117 हे0 पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से निषेधित कर दिया जाय। तद्नुसार इस स्तर पर विवादित स्थल को संरक्षित किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

**आदेश**

अग्रिम नियत तिथि तक प्रतिवादी/विपक्षीगण वादग्रस्त भूमि नम्बर 1073 रक्बा 0.210 हे0, 1074 रक्बा 0.061 हे0, 1071 रक्बा 0.117 हे0 स्थित ग्राम तुलसीपुर बंजर परगना को0 द0 तहसील महमूदाबाद जिला सीतापुर में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें। यह आदेश मात्र वादी/प्रार्थीगण एवं प्रतिवादी/विपक्षीगण के मध्य ही प्रभावी होगा। इस आदेश का प्रभाव सीमांकन कराने वाले सक्षम प्राधिकोरी पर नहीं पड़ेगा।

क्रमशः

वादी/प्रार्थीगण आदेश 39 नियम 3 जा0दी0 का अनुपालन अविलम्ब करे। वादी/प्रार्थी के पैरवी करने के उपरान्त ही इस आदेश की प्रति जारी हो। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थना–पत्र 6ग2 दिनांक–11.07.2023 को पेश हो।

सिविल जज जू0 डि0
महमूदाबाद, सीतापुर।
J.O. Code- UP3730

अजय/स्टेनो

Digitally signed by Akshita Singh
Date: 2023.05.31 17:13:30 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M.
Mahmudabad, Sitapur.